Himachal Pradesh Civil Judge (Mains) 2014

Paper V · Hindi · compulsory paper

Himachal Pradesh Judicial Services Main Examination 2014 · 3 hours · 100 marks

प्रश्न–1 निम्न लिखित अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए– (30)

A computer may be thought of as a servant who would carryout instructions, precisely, obediently, uncritically, at a very high speed, and without exhibiting any emotions. As human beings, we use judgement based on experience, often on subjective and emotional considerations. Such value judgements often depend on what is called sound 'commonsense'. As opposed to this, a computer exhibits no emotions and has no commonsense. An algorithm may be written for a computer to compose music based on rules of composition, but the computer can not judge the quality of the resultant music. It must be clearly understood that computers are machines which can be programmed to follow instructions; they don't have their own priorities and judgements. Computers are machines which can help mankind in many ways; but they do not threaten us.

प्रश्न–2 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भ निबन्ध लिखिए– (50)

(क) सामाजिक न्याय और आरक्षण की राजनीति
(ख) भारत में उच्च शिक्षा की दिशाहीनता
(ग) भारत में संसदीय लोकतंत्र की मुश्किलें

प्रश्न–3 निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–

(क) किन्हीं चार मुहावरों/कहावतों का अर्थ लिखकर वाक्य में उनका प्रयोग कीजिए– (04)

(1) आँख के अंधे नाम नैनसुख
(2) न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी
(3) अक्ल पर पत्थर पड़ना
(4) उड़ती चिड़िया पहचानना
(5) तिल का ताड़ बनाना

(ख) किन्हीं चार शब्दों के दो–दो पर्याय लिखिए– (04)

(1) अलि (2) कच (3) झंडा (4) तलवार (5) अश्म

(ग) किन्हीं चार शब्दों के विपरीतार्थक लिखिए– (04)

(1) उन्नत (2) अधिमूल्यन (3) विधि (4) नद्ध (5) विस्तीर्ण

(घ) किन्हीं चार शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए– (04)

(1) दुरावस्था (2) गणमान्य (3) अभ्यारण्य (4) वाङ्मय (5) आर्सीवचन

(ङ) किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए– (04)

(1) विष्णु के अनेकों नाम है।
(2) वह इस वर्ष परीक्षा में सम्भवत: अवश्य उत्तीर्ण हो जाएगा।
(3) यह मिठाई शुद्ध गाय के दूध से बनायी जाती है।
(4) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती है।
(5) बन्दूक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है।